**प्रति,** **दि. 5 / 11 / 2018**

**आदरणीय दैवी भाई / बहन,**

*ओम शांति,*

*बेहद ईश्वरीय सेवा में निमित्त बहन को मधुबन से बी.के. भरत एवं बी.के. डॉ. प्रताप का ईश्वरीय स्नेह संपन्न याद स्वीकार हो ।*

आपको सूचित करते हुए अति हर्ष हो रहां है कि, ब्राह्मण परिवार की अथक सेवाधारी, बेहद यज्ञ की आदि रत्न, हम सबकी लाडली आदरणीय दादी जानकी जी का 103 वाँ जन्म दिवस 1 जनवरी 2019 को धूमधाम से मनाया जायेगा । प्रकृतिजीत के वरदान से पल रही दादी जी, आज भी फरिश्ते की तरह उडकर देश-विदेश में जाकर सेवायें कर रही है। ऐसे ब्राह्मण परिवार की अति लाडली दादी जानकी जी के इस जन्म दिवस पर हम सभी ब्राह्मण परिवार की तरफ से उन्हें कुछ विशेष सौगात देना चाहते हैं, जिसमें आप सभी सेण्टर इन्चार्ज, सब जोन इन्चार्ज, जोन इन्चार्ज भाई / बहनों का सहयोग बहुत आवश्यक होगा ।

1 जनवरी के मौके पर पुरे देश में एक साथ 4000 जगहों पर राष्ट्रीय रक्तदान महा अभियान (रक्तदान सप्ताह) चलाने का दृढ संकल्प किया है। आज वर्तमान परिस्थिति अनुसार अनेक जगह आपदाएं, दुर्घटनाएं एवं अनेक बीमारीयों के चलते अस्पतालों में खून की कमी पडती है, और हमारी संस्था हमेशा से ही सामाजिक दायित्व निभाकर समाज सेवा में निरंतर योगदान देती आ रही है। इसी उपलक्ष्य से यह महा रक्तदान अभियान करने जा रहे हैं। प्रत्येक रक्तदान शिविर से कम से कम 103 युनिट संकलित करने का लक्ष्य है। पुरे देश से 1 लाख से अधिक युनिट रक्त संकलित होगा, जो हमारी संस्था द्वारा किया गया सर्वोच्च कीर्तिमान भी होगा।

आप भी इस पुनीत कार्य में सहयोग अवश्य देंगे। इस कार्य के लिए क्या विशेष प्लान बनाना है, उसकी एक लिस्ट इस पत्र के साथ संलग्न होगी। जिससे आपको मार्गदर्शन मिलेगा। हम मोबाईल से भी आपके सम्पर्क में रहेंगे।उपरोक्त कार्य के लिये नजदीकी ब्लड बैंक से सम्पर्क कर अपने सेन्टर की तिथि निश्चित कर मुख्यालय को अवश्य भेजें। इसके हेतु हमारे सहयोग की आवश्यकता होने पर जरूर सम्पर्क कर सकते है।

हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है, इस महान पुनीत कार्य में अपने सेवा केन्द्र के भाई-बहनों के सहयोग से दादी जी को अनोखी सौगात देने के कार्य में आप अपनी सहभागिता निभायेंगे ।

ईश्वरीय सेवा में,

बी.के. डॉ.प्रताप
निदेशक, ग्लोबल हॉस्पीटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
माउण्ट आबू मो.9414153717

ईश्वरीय सेवा में,

BkBharat

बी.के. भरत
सेक्रेटरी
ब्रह्माकुमारीज, शांतिवन
मो.9414164200

---

**अधिक जानकारी के लिये सम्पर्क सुत्र** - मुख्यालय ब्रह्माकुमारीज-
**बी.के. सुरज** *मो.9414092498, **बी.के. धमेन्द्र** (ब्लड बैंक) मो.9414097970, **बी.के.राकेश (को-ऑर्डिनेटर)** - मो.8191895116
**बी.के.कृष्णा बहन** - मो.9414092481

**Email-** bkraktdanabhiyan@gmail.com **website-** raktdanabhiyan.bk.ooo